हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

4 प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत रबी वर्ष ...

4 विपक्ष ने देश की मातृशक्ति के सपनों को ठेस ...


## खबर संक्षेप

### छह माह तक मजदूरों को बनाया बंधक, दो बंदी

**महासमुंद।** ज्यादा पैसे देने के लालच देकर यूपी के ईंट भट्ठे में छह माह तक बंधक बनाकर रखने के आरोप में बागबाहरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया प्रार्थिया कामिनी नाग पति प्रकाश गोंड (20 वर्ष) निवासी बस्ती बागबाहरा ने पुलिस को बताया कि ग्राम देवरी के भट्ठा सरदार शांताराम साहू एवं तोरण प्रजापति द्वारा 35,000 रुपए एडवांस देकर और अधिक पैसा कमाने का लालच देकर उत्तर प्रदेश ईट भट्ठा ले जाकर दिनांक 10.10.2025 से 11.04.2026 के बीच बंधक बनाकर रखा गया और दिन-रात काम कराकर प्रताड़ित किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में धारा 143(1)(डी), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। वहीं महासमुंद पुलिस नागरिकों से अपील की कि बाहरी राज्यों में काम दिलाने के नाम पर लुभावने वादों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### आत्मानंद स्कूल की पढ़ाई अब फ्री नहीं होगी

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल (सेजेस) में अब पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त नहीं रहेगी। राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी कर ली है। जिसके तहत 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी। इसके साथ ही छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय परिसर में मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखा जाएगा तो प्रत्येक माह में एक दिन निर्धारित कर इंग्लिश स्पीकिंग डे मनाया जाएगा। इसके साथ ही एआई आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में वर्ष 2020 से शुरू हुए आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़कर अब 751 हो गई है।

### संत सुफल भगत जयंती पर आज आयोजन

**महासमुंद।** कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को आरंग के शीतला पारा में समाज के आराध्य संत सुफल भगत की जयंती का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी जगदेव कंडरा ने बताया कि कंडरा समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन होगा।कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल होंगे, अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ध्रुव कुमार मिर्धा, डॉ. संदीप जैन (नगर अध्यक्ष) सहित आरंग नगर पालिका के सभी सभापति उपस्थित रहेंगे।

# सूखने लगे शहर के अधिकांश तालाब, निस्तार संकट की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिला मुख्यालय के तालाब सूखने लगे हैं। कई प्रमुख तालाबों का तो पानी काफी कम हो गया है। ऐसे में आगे चलकर जल स्तर काफी नीचे जा सकता है। साथ ही कई मोहल्ले में लोग अभी भी तालाब में ही निस्तारी करते हैं, उनकी परेशानी पढ़ सकती है। वहीं पानी की खपत बढ़ने के साथ ही पेयजल व्यवस्था भी डगमगाने लगी है।

गर्मी के मौसम में तालाब निस्तारी के काम तो आते ही हैं। साथ ही शहर के भूजल स्तर को बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होता हैं। ऐसे में तालाबों की देख-रेख नहीं होने के कारण शहर के ज्यादातर तालाबों में पानी बहुत कम हो गया है तो वहीं कई तालाब पूरी तरह से सुख चुके हैं। शहर के प्रमुख तालाबों में महामाया तालाब, बंधवा तालाब, टामकी तालाब में पानी बहुत कम हो गया है। वहीं अधिकांश तालाब अभी से पूरी तरह सुख चुके है। इन प्रमुख तालाबों में आसपास के वार्डों के लोग निस्तारी करते हैं। साथ ही गर्मी के दिनों में नलों में पानी कम आने से वार्डवासी तालाबों में ही नहाना-धोना करते हैं, लेकिन ये तालाब अभी से सुखने के कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में पानी के लिए परेशानी बढ़ सकती है। वहीं बाघ तालाब और भूजबधान तालाब का एक हिस्सा पूरी तरह से सुख चुका है। नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण शहर का जल स्तर और नीचे जा सकता है। साथ ही मौसम को देखकर यह कयास लगाया जा रहा है कि इस साल गर्मी काफी पड़ेगी, जिससे पानी के लिए भी समस्या हो सकती है।

## शहर में नलों के माध्यम से तीन टाइम पानी और टैंकर व्यवस्था के बाद भी खपत अधिक

### तीन टाइम जलापूर्ति भी कम

लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के चलते लोग पेजयल व निस्तारी की समस्या से परेशान है। वहीं नगर पालिका द्वारा नलों के माध्यम से तीन टाइम पानी दिया जा रहा है, जो भीषण गर्मी के कारण नाकाफी साबित हो रहा है। पानी देने का समय और बढ़ाने की मांग के साथ वार्डों में पानी टैंकर पहुंच रही है। लेकिन, पानी की खपत बढ़ने से पालिका की परेशानी बढ़ गई है।



### मंडराने लगा संकट

शहर का कोई भी ऐसा तालाब नहीं है जिस की भूमि पर आसपास के लोगों ने अतिक्रमण नहीं किया है। अतिक्रमण के कारण तालाबों का दायरा सिमट कर काफी कम हो गया है। हालांकि पूर्व में नगर पालिका द्वारा यह कहा गया था कि शहर के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी, लेकिन कुछ का तो हुआ वहीं कुछ तालाब में अतिक्रमण अभी भी जारी है। यही कारण है कि तालाबों का दायरा कम हो जाने के कारण बरसात के दिनों में पर्याप्त पानी नहीं भर पाता है, जिससे गर्मी की शुरूआत होते ही सूखने के कगार पर पहुंच जा रहे हैं।

## आंदोलन : शुल्क वृद्धि की मांग को लेकर निजी स्कूलों का आंदोलन तेज

# आरटीआई के तहत शुल्क बढ़ाने की मांग को लेकर निजी स्कूल रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया गया

जिले के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों की फीस में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर जिले भर के निजी स्कूलों में शनिवार को ताला लटकता रहा। स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों ने इसके पूर्व शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे, अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, ब्लॉक सचिव एमआर विश्वनाथन, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी एवं जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव सहित समस्त पदाधिकारियों ने आंदोलन में शामिल निजी स्कूल संचालकों ने कहा कि सभी स्कूल संचालकों ने एकजुटता दिखाते हुए स्कूल बंद कर आंदोलन को मजबूती दी है, जिससे सरकार तक उनकी मांग प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। पदाधिकारियो ने बताया कि आंदोलन की सूचना राज्य के शिक्षा मंत्री को भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि निजी स्कूल संचालक लंबे समय से आरटीई के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में वर्ष 2011 में निर्धारित दरों के अनुसार कक्षा पहली से पांचवीं तक 7, 000 रुपये और कक्षा छठवीं से आठवीं तक 11, 400 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिवर्ष शासन द्वारा भुगतान किया जाता है। बीते 14 वर्षों में इस राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं होने से संचालकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि महंगाई और बढ़ती शैक्षणिक लागत के बीच इतनी कम राशि में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना कठिन होता जा रहा है। इतना ही नहीं, प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त करने में भी देरी और प्रक्रियात्मक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।




### 105 खाली सीटों के लिए आरटीई के दूसरे चरण में मिलेगा मौका

महासमुंद। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए लंबे इंतजार के बाद पहली चयन सूची जारी कर दी गई है। इस बार 349 रिक्त सीटों के लिए कुल 821 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कड़ी जांच प्रक्रिया के बाद 510 विद्यार्थी पात्र पाए गए। लॉटरी प्रणाली के माध्यम से इनमें से 244 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जबकि 266 विद्यार्थी वेटिंग सूची में हैं। बता दें कि शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए आरटीई के तहत इस वर्ष 349 सीटों के लिए कुल 821 आवेदन प्राप्त हुए थे। जांच के दौरान 272 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। इनमें 33 आवेदन अपूर्ण पाए गए, वहीं 6 मामलों में एक ही विद्यार्थी द्वारा दो बार आवेदन करने की स्थिति सामने आई। शेष 510 विद्यार्थियों को पात्र माना गया, जिनमें से 244 विद्यार्थियों का चयन गुरूवार को लाटरी के माध्यम से किया गया है, जबकि 266 विद्यार्थी वेटिंग सूची में रखे गए हैं। पहले चरण में चयनित विद्यार्थियों के लिए 1 मई से 30 मई तक प्रवेश की समयसीमा तय की गई है। अभी भी खाली 105 सीटों के लिए दूसरे चरण में वेटिंग सूची के विद्यार्थियों को मौका मिल सकता है। यह प्रक्रिया जून से शुरू होगी, जिसमें 8 जून से 20 जून तक नए स्कूलों का पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से 11 जुलाई तक विद्यार्थी पंजीयन होगा और 1 जुलाई से 15 जुलाई तक नोडल सत्यापन किया जाएगा। 27 से 31 जुलाई के बीच लॉटरी और सीट आवंटन होंगे।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आज भव्य शोभायात्रा



**महासमुंद।** भगवान विष्णु के छठे अवतार शस्त्र व शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस अक्षय तृतीया तिथि 19 अप्रैल रविवार को ब्राह्मण समाज भवन एफसीआई रोड में प्रातः 9 बजे से आराध्य देव परशुराम की पूजा विद्वान पुरोहितों के मंत्रोचार के साथ उपस्थित विप्रजनों द्वारा विधि पूर्वक की जाएगी। तदुपरांत युवा विप्रजनों के अगुवाई में भगवान परशुराम के शौर्य को प्रदर्शन करते हुए बाईक रैली नगर भ्रमण करेगी।

शाम 5 बजे भगवान परशुराम के पराक्रम के अनुरूप भव्य शोभायात्रा समाज भवन से निकलेगी। जो नेहरू चौक, विठोबा टॉकीज होते हुए सिटी स्पोर्ट्स क्लब तक जाएगी। जिसमे प्रख्यात पुरोहितों द्वारा शस्तिवाचन व सर्व ब्राह्मण समाज के बच्चे युवा महिला पुरुष व वरिष्ठजन भगवान के स्तुति करते हुए शामिल होंगे। तद्पश्चात सिटी स्पोर्ट्स क्लब में भजन संध्या के साथ ही भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के सभी विप्रजनों के साथ ही अन्य समाज के वरिष्ठ जनों को भी शामिल होकर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# भीषण गर्मी में पशुओं की देखभाल को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा पशुपालक कृषकों के लिए समसामयिक सलाह जारी की गई है। वर्तमान में तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और तेज गर्म हवाएं (लू) चल रही हैं, जिससे पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा अधिक रहता है। इसके प्रमुख लक्षणों में आहार लेने में अरुचि, तेज बुखार, सांस का तेज चलना (हांफना), नाक से स्राव, आंखों से पानी आना, आंखों का लाल होना, पतला दस्त तथा शरीर में पानी की कमी के कारण लड़खड़ाकर गिरना शामिल हैं। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे पशुओं को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक छायादार एवं ठंडे स्थान (कोठे) में रखें। कोठे को खुला न छोड़कर टाट या बोरे से ढंककर रखें तथा उस पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कर वातावरण को ठंडा बनाए रखें, ताकि गर्म हवाओं के प्रभाव से बचाव हो सके। पशुओं को पर्याप्त मात्रा में संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने के साथ-साथ हमेशा स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना आवश्यक है। गर्मी के दौरान ठोस आहार की बजाय तरल एवं नरम आहार देना अधिक लाभकारी होता है। साथ ही विवाह या अन्य आयोजनों से बचे बासी भोजन को पशुओं को खिलाने से बचने की सलाह दी गई है। कोठे की नियमित साफ-सफाई बनाए रखना भी जरूरी है। नवजात बछड़ों एवं बछियों की विशेष देखभाल करने की आवश्यकता बताई गई है। संकर नस्ल एवं भैंस प्रजाति के पशुओं को पानी की उपलब्धता के अनुसार दिन में कम से कम एक बार नहलाने की सलाह दी गई है। यदि कोई पशु असामान्य व्यवहार करता दिखाई दे, तो तत्काल निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर उपचार कराना चाहिए। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में पशुओं से संचालित वाहनों (जैसे बैलगाड़ी आदि) के उपयोग पर भी दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 01 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक प्रतिबंध रखने हेतु जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की गई है।

## महासमुंद पुलिस ने की मानव तस्करी के मामले पर तत्काल कार्रवाई

# मानव तस्करी, यूपी में फंसे परिवार का पुलिस ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने मानव तस्करी के मामले तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार का रेस्क्यू कर सकुशल वापस घर लाया। महासमुंद पुलिस ने हाल ही में 'खाकी' के दो महत्वपूर्ण चेहरों को एक साथ प्रदर्शित किया है। जहां एक ओर पुलिस ने मानव तस्करी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा, वहीं दूसरी ओर संकट में फंसे एक परिवार की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित की।

पहला मामला थाना बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम बागबाहरा निवासी लोकेश ठाकुर, कृष्णी ठाकुर का है, जो तस्कर के जाल में फंसकर लालच में आकर कमाने खाने अलीगढ़ गोंडा उत्तरप्रदेश गए थे, वे कुछ समय बाद वह वहां से अपने घर वापस लौटना चाहते थे, किंतु वापस लौटने के लिये साधन व समझ नहीं होने के कारण दुविधा में फंसे हुए थे। जब लोकेश और उनकी पत्नी कृष्णी ठाकुर को कुछ नहीं सूझ रहा था, तब ऐसे में उन्होंने सीधे महासमुंद पुलिस से संचार माध्यम से संपर्क किया गया। यह बात महासमुंद पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाई गई। तब पुलिस अधीक्षक महासमुंद ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए पीड़ित पक्ष से तत्काल संपर्क कर, पुलिस स्टॉफ भेजकर लोकेश ठाकुर, कृष्णी ठाकुर एवं उनके दोनों बच्चों सहित सभी को रेस्क्यू कर सकुशल घर पहुंचाया गया। एक अन्य प्रकरण में बागबाहरा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता/प्रार्थिया के द्वारा ग्राम देवरी के दो बिचौलियों के खिलाफ अधिक पैसे का लालच देकर और अग्रिम राशि का झांसा देकर उत्तर प्रदेश के ईंट भट्ठों पर 6 माह तक 'बंधक' बनाने तथा अमानवीय स्थितियों में दिन-रात काम करने पर मजबूर करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### महासमुंद पुलिस की अपील

यदि कोई व्यक्ति/ठेकेदार आपको अन्य राज्य काम दिलाने ले जाने भारी राशि एडवांस देने या ज्यादा पैसे मिलने का प्रलोभन देता है, तो उस पर सीधा भरोसा न करें। काम के लिए बाहर जाने से पहले संबंधित व्यक्ति का पूरा विवरण, पता और कार्यस्थल की जानकारी अपने स्थानीय थाने या ग्राम पंचायत को दें। यदि आप या आपका कोई परिचित बंधक बनाकर अमानवीय परिस्थितियों में काम करने के लिए कहीं फंसा हुआ है या प्रताड़ित किया जा रहा है, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।



**खबर संक्षेप**

### देश की आधी महिला आबादी का अपमान कांग्रेस ने किया

**महासमुंद।** देश की संसद में भारत सरकार द्वारा मातृ शक्ति वंदन अधिनियम बिल को लाने के बाद विपक्ष व कांग्रेसी सांसदों के विरोध के चलते 2 तिहाई बहुमत नहीं मिलने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने विपक्ष को दोषी ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा महिला विरोधी कार्य करती है। आज देश के आधी आबादी का अपमान कांग्रेस और उनके समर्थक दलों ने किया है, जिसे आने वाले समय देश की जनता माफ नहीं करेगी। कांग्रेस का दोहरा चेहरा उजागर हो गया, कांग्रेस नहीं चाहती कि देश की महिलाएं भी देश के विकास में भागीदार बने। कांग्रेस के शासन काल में हमेशा मातृ शक्ति उपेक्षित रही है। कोई भी कल्याणकारी योजनायें महिलाओं के लिए नही लाया गया। 2014 में भाजपा एवं एनडीए की सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही है, तब ही से महिलाओं को आगे बढ़ाने के बारे में विस्तार से जनकल्याणकारी योजनायें लायी गई। आज देश की मातृशक्ति आत्मनिर्भर बन रही है। देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहीं है। वहीं कांग्रेस की सरकार ने हमेशा महिलाओं के साथ वोट की राजनीति की है, उनके साथ दोयम दर्जा रखती थी। राठी ने आगे बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में लाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को पत्र लिखकर क्षेत्र के जनता की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित किया गया। पत्र में लिखा गया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मातृशक्ति अधिनियम को लाना भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में युगांतकारी कार्य व मिल का पत्थर साबित होगा। यह बिल प्रधानमंत्री के अटूट संकल्प को दर्शाता है।

### स्वर्णकार समाज के हेमराज सोनी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी एवं गौ सेवा आयोग धमतरी जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी को छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। समाज के अध्यक्ष भागवत सोनी एवं सचिव द्वारा यह जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हेमराज सोनी ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे स्वर्णकार समाज को संगठित कर प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# जिले में बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य पूरा : द्वारिकाधीश

## जिले में 1161 बूथ, 567 पंचायत व 105 वार्ड कमेटी गठित का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

- जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी कांग्रेसजनों का जताया आभार

द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत महासमुंद जिले में बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिले में 1161 बूथ, 567 पंचायत व 105 वार्ड कमेटी गठित कर ली गई है। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन व कार्यकर्ताओं की मेहनत से ब्लॉकों में बूथ, पंचायत व वार्ड कमेटी का गठन शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और समर्पित टीम का गठन किया गया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने जिले के सभी कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। सर्वप्रथम खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के बागबाहरा शहर, बागबाहरा ग्रामीण, कामोखान ब्लाक तथा पिथौरा ब्लाक में संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन पूरा किया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण में 104 बूथ कमेटी व 60 पंचायत कमेटियों का गठन तय समय सीमा में किया गया है। इसी तरह कोमाखान ब्लाक के 102 बूथों व 53 पंचायतों तथा बागबाहरा शहर 18 बूथ में भी गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले पिथौरा ब्लाक के 63 बूथ के साथ ही पंचायत कमेटी गठित कर ली गई है। महासमुंद शहर में 55 बूथ व 30 वार्ड, महासमुंद ग्रामीण में 130 बूथ, 87 पंचायत व 15 वार्ड, सरायपाली शहर में 21 बूथ व 15 वार्ड, सरायपाली ग्रामीण में 119 बूथ, 38 पंचायत, छुईपाली में 74 बूथ व 40 पंचायत, भंवरपुर में 76 बूथ व 40 पंचायत, झलप-पटेवा में 91 बूथ व 50 पंचायत तथा सांकरा में 109 बूथ में शत प्रतिशत कमेटी गठित कर ली गई है। बसना विधानसभा क्षेत्र में आने वाले पिथौरा ब्लाक के 126 बूथ, 70 पंचायत व 15 वार्ड में कमेटी का गठन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही कांग्रेस की असली ताकत है, और यही आगामी चुनावों में सफलता की आधारशिला बनेगा। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और समर्पित टीम का गठन किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी कांग्रेसजनों का आभार जताया है।



# पिथौरा में एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप व नाइट कैंप टेलीस्कोप से बच्चे करेंगे आकाश दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

स्कूली पाठ्य पुस्तकों में ग्रहों और तारों के बारे में पढ़ने के बावजूद बच्चों को उनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराने के उद्देश्य से पिथौरा में एक दिवसीय एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप व नाइट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्कार शिक्षण संस्थान एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा विद्यालय में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत किया जाएगा।

समर कैंप की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आकाश दर्शन एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप 21 अप्रैल को शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित होगी। इसमें समर क्लास के विद्यार्थियों के साथ नगर क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क रहेगा। इस वर्कशॉप में एस्ट्रोनॉमी विशेषज्ञ व्याख्याता अजय कुमार भोई (सेजेस बसना), डॉ. यशवंत सोना (स्टेट सेक्रेटरी, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा रायपुर), हेमंत खूंटे (राज्य प्रेस सचिव) एवं इंजीनियर सचिन प्रधान की उपस्थिति में प्रतिभागियों को एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप के माध्यम से चंद्रमा, शनि, बृहस्पति सहित विभिन्न ग्रहों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया जाएगा और उनसे संबंधित वैज्ञानिक जानकारी भी दी जाएगी।



आयोजक सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि इस समर कैंप के दौरान एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप के अलावा विज्ञान मेला, अंधविश्वास व चमत्कार पर जनजागरुकता, यातायात सुरक्षा, विज्ञान के प्रयोग एवं पर्यावरण संरक्षण विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# सतनाम चावला के निधन से कांग्रेसियों में शोक

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के महामंत्री और शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति सतनाम (सत्ते) सिंह चावला का शुक्रवार देर रात लगभग 01 बजे रायपुर के एमएमआई अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से महासमुंद शहर तथा कांग्रेस परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। चावला लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे। एक मिलनसार व्यक्तित्व और कर्मठ नेता के रूप में उन्होंने हमेशा समाज और संगठन के हितों के लिए कार्य किया। उनका जाना पार्टी और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दिवंगत सतनाम सिंह चावला के पार्थिव शरीर को शाम 04:30 बजे अंतिम दर्शनों के लिए कांग्रेस भवन लाया गया, जहां पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम जनमानस ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पश्चात पूर्ण सम्मान के साथ इनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जिला कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, मनोजकांत साहू, संजय शर्मा, लक्ष्मण पटेल, निर्मल जैन, सीटू सलूजा, भरत ठाकुर, तुलसी साहू, मिंदर चावला, गुरप्रीत सिंह धनवा, राजेश जैन, देवेश शर्मा, प्रकाश अजमानी, हर्षित चंद्राकर, गोपी तारक, अनीश राजवानी, बसंत चंद्राकर, भानू सोनी आदि ने चावला को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# महर्षि विद्या मंदिर में अग्नि सुरक्षा दिवस का आयोजन



**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम मचेवा स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह (बॉम्बे डॉकयार्ड) पर लगी भीषण आग में शहीद हुए 66 वीर दमकल कर्मियों की स्मृति में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इसी के अंतर्गत 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य द्वारा की गई, जिसमें उन्होंने 14 अप्रैल 1944 की इस दुखद घटना का उल्लेख करते हुए सभी को अग्नि से बचाव हेतु सदैव सतर्क रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात अग्नि सुरक्षा कर्मियों द्वारा अग्नि सुरक्षा यंत्रों के उपयोग एवं फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लाइव डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपात स्थिति मंग अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने कार्यक्रम के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों एवं तकनीकों को सीखा तथा आग से बचाव के विभिन्न सुझावों को जाना।

### नींव त्योहार के माध्यम से होगा भूमिपूजन

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में अप्रारंभ आवासों का भूमिपूजन नींव त्योहार का आयोजन कर किया जाएगा। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में किस्तों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 46,819 तथा वर्ष 2025-26 में 11,732 हितग्राहियों के खातों में प्रथम किस्त की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। जिले में 6,046 आवासों का निर्माण कार्य प्रारम्भ होना है। जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने सभी संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए हैं कि नींव त्योहार आयोजित कर अप्रारंभ आवासों का भूमिपूजन कराया जाए। इस कार्यक्रम में जिला एवं जनपद स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सरपंचों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी लंबित आवासों का निर्माण कार्य 30 अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत प्रारंभ कराए जाने कहा है। अधिकारियों को इस संबंध में सतत निगरानी रखने तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



### खुसरूपाली विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खुसरूपाली में शनिवार को नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा अपनी माता स्व. संतोष कुमारी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जो सेवा भावना, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने की प्रेरणादायक पहल के रूप में परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिसर को स्वच्छ, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित रूप से सजाया गया था। विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामवासियों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन में अनुशासन और मर्यादा का विशेष ध्यान रखा गया। भोजन की गुणवत्ता उत्कृष्ट रही और वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारू रूप से हुई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान डीईओ लहरे ने विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी एवं मिठाई परोसा। इस अवसर विद्यालय के वातावरण में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में सरपंच पवन ठाकुर, एसएमडीसी अध्यक्ष, विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। साथ ही एबीईओ रामता मन्नाडे, सीएसी देव सिन्हा, प्रधानपाठक प्रेमचंद डड़सेना सहित शिक्षकों और स्टाफ की उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।



### विषय का पूर्ण ज्ञान हमें देता है आत्मविश्वास : डॉ.एकता

**महासमुंद।** विद्यार्थियों के भाषा कौशल के विकास के लिए शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्पोकन इंग्लिश कोर्स का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईक्यूएसी, आईआईसी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान कम्युनिकेटिव इंग्लिश एंड सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन सत्र हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में निशुल्क स्पोकन इंग्लिश कोर्स के विशेषज्ञ व प्रसिद्ध समाज सेविका डॉ. एकता लंगेह, प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे, कला संकाय प्रभारी डॉ. रीता पांडेय, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी आशुतोष पूरी गोस्वामी, सहायक प्राध्यापक पूजा यादव मंचस्थ रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि अंग्रेजी बोलना आज के समय में करियर और आत्मविश्वास के लिए बेहद जरुरी है। कई छात्र अंग्रेजी समझ तो लेते है, लेकिन बोलने में झिझक महसूस करते है। डॉ.एकता लंगेह ने कहा कि अंग्रेजी बोलने की कला धीरे धीरे विकसित होती है, इसलिए धैर्य रखना आवश्यक है। सही मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास से कोई भी व्यक्ति अंग्रेजी में निपुण हो सकता है। विषय का पूर्ण ज्ञान हमें आत्मविश्वास देता है। विभागाध्यक्ष अंग्रेजी आशुतोष पूरी गोस्वामी ने कहा कि व्यक्ति जीवनपर्यंत सीखता है। रोजाना अभ्यास और छोटे-छोटे वाक्यों से शुरुआत करना फायदेमंद होता है। प्रोफेसर डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य है। विद्यार्थियों में कौशल का विकास हो, इस कार्यक्रम विद्यार्थियों ने भाषा में कौशल प्राप्त किया। हेमा रॉय, शुभम निषाद, प्रखर साहू, इतवारी उगरे, काजल शर्मा ने स्पोकन इंग्लिश क्लासेस के अपने अनुभव साझा किया।



### जनपद उपाध्यक्ष ने सड़क पर बेहोश मिली बुजुर्ग महिला को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार एक असहाय बुजुर्ग महिला के सड़क पर बेहोश पड़े होने की सूचना मिलने पर महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। तत्काल मौके पर पहुंचकर उस निर्धन व बेसहारा महिला की सुध ली। उन्होंने बुजुर्ग महिला को पानी पिलाया, और तपती धूप से हटाकर छांव में व्यवस्थित किया और तत्काल पुलिस प्रशासन व मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सूचित कर स्वयं उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया। इस पुण्य कार्य में उन्हें राकेश चंद्राकर, डालेंद कन्नौजे, सत चंद्राकर एवं हेम बाई साहू का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस घटना के माध्यम से जनपद उपाध्यक्ष ने समाज को यह मार्मिक संदेश दिया है कि निर्धनता किसी भी व्यक्ति की लाचारी हो सकती है, किंतु उसे देखकर मुंह मोड़ लेना हमारी मानसिक दरिद्रता है।

# भाजपा सरकार की लापरवाही से खाद-बीज और ऋण के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी और किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों को राहत देने के बजाय सरकार उन्हें परेशान करने में लगी हुई है। खरीफ सीजन की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन आज तक किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण की समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे जिले के किसान बेहद परेशान और चिंतित हैं। मानिक ने कहा कि हर वर्ष 1 अप्रैल से खरीफ फसल के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि किसान समय रहते खेती की तैयारी कर सकें। लेकिन इस बार अप्रैल माह समाप्ति की ओर है और अब तक अधिकांश समितियों में व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है। किसान रोजाना सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि किसान जब ऋण आवेदन के लिए सहकारी समितियों में पहुंच रहे हैं तो वहां कर्मचारियों द्वारा यह कहकर वापस भेजा जा रहा है कि खंड-2 में रकबा में धान नहीं दिख रहा है। जब तक सिस्टम में सुधार नहीं होगा, तब तक खाद, बीज और ऋण की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकती। तकनीकी खामियों और प्रशासनिक लापरवाही का सीधा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खरीफ फसल के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। किसान पहले से खेत की तैयारी, बीज चयन, खाद की व्यवस्था और ऋण प्रक्रिया में जुट जाते हैं। आने वाले मौसम को देखते हुए किसान चिंतित हैं कि यदि समय पर ऋण और कृषि सामग्री नहीं मिली तो खेती प्रभावित होगी, जिससे उत्पादन पर असर पड़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। मानिक ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब किसानों को ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले धान खरीदी सीजन में भी हजारों किसानों को गंभीर समस्याओं से गुजरना पड़ा था। कई किसानों को समय पर टोकन नहीं मिला, तो अनेक किसान धान बेचने से वंचित रह गए। उस समय भी सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान परेशान रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार में व्यस्त है, जबकि किसानों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों को बार-बार छलना और गुमराह करना बंद किया जाए। सरकार तुरंत सहकारी समितियों में तकनीकी खामियों को दूर कर खाद, बीज और ऋण वितरण शुरू करें, ताकि किसान समय पर खेती कार्य प्रारंभ कर सकें। मानिक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस किसानों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



# अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

महासमुंद। भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिला महासमुंद के तत्वावधान में भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज प्रमुख, प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में समानता, न्याय एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता एवं सामाजिक समता स्थापित करने के उनके अथक प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया, जिससे प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार एवं सम्मान सुनिश्चित हुआ। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर समाज में शिक्षा, समानता एवं जागरूकता का प्रसार करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को सदैव स्मरणीय बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के आदर्शों के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। संगोष्ठी का संचालन भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी एवं थान सिंह दीवान द्वारा किया गया। दोनों ने अपने प्रभावी एवं अनुशासित संचालन से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाते हुए विषय की गंभीरता को श्रोताओं तक सहज रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों का अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से अनिल शर्मा, देवेंद्र मेश्राम, संजीव कर्माकर, लच्छीराम सिन्हा, नंदेश्वर, धर्मेंद्र महोबिया, कल्लू देवांगन, उत्तरा प्रहरे, भुवन साहू, नरेश सिंघल एवं वेदप्रकाश गोयल शामिल रहे। कार्यक्रम में बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र मेश्राम एवं पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू मंचासीन रहे। साथ ही राहुल चंद्राकर, देवेंद्र राय, हंसदेव डोंगरे, उकिया, शंकर तांडी, दीनता, सुरेश कुम्हार, उद्धव नंद, आनंद साहू, मनीष, स्वप्निल, कल्पना सिन्हा, सुरोति लाल लकड़ा सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### फॉरेस्ट ग्राउंड में बना बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित और अनुशासित कर रहा

**महासमुंद।** जिले के ब्लॉक महासमुंद अंतर्गत फारेस्ट ग्राउंड में तैयार किया गया बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड विशेष सुविधा प्रदान करते हुए युवाओं और बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। अगस्त 2025 में पूर्ण होकर यह मैदान आम नागरिकों और खिलाड़ियों के लिए खोल दिया गया है। पहले शहर में बड़े खेल मैदानों की कमी और गलियों में बढ़ती वाहनों की भीड़ के कारण बच्चों और खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने के लिए सुरक्षित और उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाता था। निर्माण एजेंसी हाऊसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित 4842 वर्ग फुट के सीमित क्षेत्र में विकसित यह बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड एक अभिनव समाधान के रूप में सामने आया। यह स्थान की कमी को दूर करने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं के साथ एक सुरक्षित खेल वातावरण भी प्रदान करता है।बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में दो पालियों में सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम 4 से 8 बजे तक संचालित इस ग्राउंड में स्कूली बच्चे, युवा और कामकाजी लोग अपनी सुविधा अनुसार खेल का आनंद ले रहे हैं। 15-20 मिनट के छोटे फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस खेल ने व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों को भी फिटनेस और मनोरंजन का बेहतर विकल्प दिया है। रात में फ्लडलाइट की सुविधा के कारण खिलाड़ी कार्य के बाद भी अभ्यास कर सकते हैं। ग्राउंड में फ्लोर मेट और चारों ओर मजबूत नेटिंग की व्यवस्था होने से खेल सुरक्षित हो गया है तथा गेंद खोने या आसपास की संपत्ति को नुकसान पहुंचने की संभावना भी समाप्त हो गई है। कम संख्या में खिलाड़ी भी आसानी से खेल सकते हैं, जिससे यह हर आयु वर्ग के लिए उपयुक्त बन गया है। लगभग 25.07 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस परियोजना ने जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूती दी है। यह युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित और अनुशासित कर रही है। एनआईएस क्रिकेट कोच तृपेश कुमार साहू ने बताया कि बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास करने से समय की बचत होती है और खिलाड़ी कम समय में अधिक अभ्यास कर पाते हैं। इससे बच्चों की तकनीक में तेजी से सुधार हो रहा है और वे प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो रहे हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अछरीडीह में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत अछरीडीह भवन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। ग्राम पंचायत सरपंच आसकरण सोनवानी ने बाबा साहब के चलचित्र ने पुष्प व गुलाल से श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन से प्रेरणा ली गई। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब आज के युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर सरपंच आसकरण सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि डॉ भुनेश्वर साहू, युवा नेता मानिक राम सोनवानी, सचिव आत्मा राम साहू, राजेश साहू, हरमोहन सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष का ब्राह्मण समाज ने किया स्वागत

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के सरायपाली आगमन पर उनका ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बस स्टैंड स्थित महालक्ष्मी स्वीट्स के संचालक मोहन शर्मा के यहां रायपुर से सारंगढ़ जाते समय कुछ देर के लिए रुके संदीप शर्मा को छत्तीसगढ़ शासन से राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त है। सामाजिक बंधुओं से श्रीवा शर्मा ने सामाजिक संगठन व सक्रियता से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के मोहन शर्मा, योगेश शर्मा, चिंटू शर्मा, सोहन शर्मा, शंकर शर्मा उपस्थित थे।

### केवी का 10वीं में परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं परीक्षा में इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के सभी 70 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जिनमें से 56 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय में प्रथम स्थान प्रकृति साहू ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान कृतज्ञ पटेल (92.8) ने प्राप्त किया, जिन्होंने सामाजिक अध्ययन विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। तृतीय स्थान अभिदीप गुप्ता (92.6), चतुर्थ स्थान दिविजा पारिक (92.4) तथा पंचम स्थान आदित्य पटेल (91 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया है।

**कृषि : ई-समृद्धि पोर्टल में दलहन एवं तिलहन फसलों का पंजीयन 20 तक**

# प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत रबी वर्ष 2025-26 दलहन-तिलहन खरीदी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम के अतंर्गत रबी वर्ष 2025-26 में दलहन/तिलहन खरीदी का शुभारंभ जिले के 03 उपार्जन केंद्रों में किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों द्वारा तिलहन उत्पाद का उपार्जन किया गया। जिसमें कृषि उपज मंडी पिटियाझर में कृषक खोरबाहरा निषाद ग्राम घोड़ारी द्वारा 7 क्विंटल सरसो बीज उपार्जन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, जिला नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी गणेश्वरी बंजारे, जिला विपणन महासमुंद से प्रोग्रामर प्रशांत जोशी, समिति प्रबंधक एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

इसी तरह कृषि उपज मंडी बसना के कृषक मोहन नायक ग्राम दलदली द्वारा 15 क्विंटल सरसों बीज उपार्जन किया गया। इस अवसर रमेश अग्रवाल, दीपा अरुण साह, बसना सहकारी समिति अध्यक्ष जन्मजय साव उपस्थित रहे।



इसके अलावा कृषि उपज मंडी सरायपाली में कृषक पंकज राज पटेल ग्राम कुटेला (1.5 किंव.) एवं सागरचंद पटेल ग्राम केना (01 क्विं.) से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही तथा बड़ी संख्या में कृषक भी उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने पहुंचे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, कृषि सभापति बालमोती पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियो ने सहभागिता करते हुए किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मंडी सचिव, प्रा.कृ.सा. सह. समिति सरायपाली प्रबंधक, कृषि विकास अधिकारी एवं समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सरसों की गुणवता जांच, तौल प्रक्रिया एवं खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषकों को समर्थन मूल्य पर चना 5875 रु प्रति क्विटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रुपए प्रति क्विटल पर अपनी उपज बेचने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा पारदर्शी एवं सुचारू रूप से खरीदी व्यवस्था का क्रियान्वयन किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खरीदी केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचे। ई-समृद्धि पोर्टल में दलहन एवं तिलहन फसलों का पंजीयन तिथि 20 अप्रैल 2026 तक बढ़ाई गई है। उपसंचालक कृषि द्वारा महासमुंद जिले के अंतर्गत सभी 06 उपार्जन केंद्रों पिटियाझर, सिर्रीपठारीमुड़ा, कोमाखान, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने हेतु आव्हान किया गया है। छग शासन किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## महिला विरोधी मानसिकता को देश की महिलाएं नहीं करेंगी माफ़ : स्वप्निल



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने संसद में हाल ही में हुए घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी समेत इंडी गठबंधन ने महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर नकारात्मक और विरोधाभासी रुख अपनाया है, जिससे उनकी महिला-विरोधी सोच उजागर हुई है। स्वप्निल तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित न होने देना देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कदम से उन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंची है, जो लंबे समय से राजनीतिक भागीदारी और सशक्त प्रतिनिधित्व की मांग कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस पहल नहीं की और उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। तिवारी ने कहा कि वर्तमान में जब केंद्र सरकार महिलाओं को अधिकार और अवसर देने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, तब विपक्ष का विरोध उनकी संकीर्ण सोच को दर्शाता है। तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार नारी शक्ति को सम्मान देते हुए उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अंत में उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और वे अपने अधिकारों और सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेंगी। आने वाले समय में वे लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देंगी।

## नपाध्यक्ष ने युवाओं के साथ किया प्रदेशाध्यक्ष बैज का स्वागत



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के तुमगांव चौक पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज व युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निखिलकांत साहू के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष साहू ने बताया कि बैज आज महासमुंद के प्रवास पर थे। उनके आगमन से युवाओं में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने युवाओं से पार्टी की मजबूती व आमजनों के हित में कार्य करने की बात कही।

## विपक्ष ने देश की मातृशक्ति के सपनों को ठेस पहुंचाई, जवाब जनता जरूर देगी : निधी

**महासमुंद।** महिला सशक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर विपक्षी दलों की भूमिका एक बार फिर कठघरे में खड़ी नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला संविधान (131वां संशोधन) विधेयक संसद में पारित न हो पाना, विपक्ष की नकारात्मक और अवसरवादी राजनीति को उजागर करता है।

लोकसभा में इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। जहां 298 सांसदों ने महिला अधिकारों के समर्थन में वोट दिया, वहीं 230 सांसदों ने विरोध कर यह स्पष्ट कर दिया कि उनके लिए राजनीतिक स्वार्थ, देश की मातृशक्ति के सम्मान से ऊपर है। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं था, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकार, सम्मान और भागीदारी का प्रश्न था। विपक्ष ने इस सुनहरे अवसर को ठुकराकर न केवल महिलाओं की उम्मीदों को आहत किया है, बल्कि अपनी संकीर्ण मानसिकता भी उजागर कर दी है। स्पष्ट है कि महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक अवसर को खोकर विपक्ष ने विकास और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम रोक दिया है। अब देश की जनता, विशेषकर महिलाएं, इस निर्णय का जवाब अपने मताधिकार से देंगी।



# बस स्टैंड में पार्षद ने शुरू कराया निःशुल्क प्याऊ, राहगीरों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को काफी प्रभावित कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। खासकर बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सफर करने वाले यात्रियों और राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बस स्टैंड में एक सराहनीय पहल की गई।

वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने युवाओं के साथ मिलकर आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए निःशुल्क पानी प्याऊ की व्यवस्था शुरू कराई। इस पुनीत कार्य का मुख्य उद्देश्य तेज गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर उनकी प्यास बुझाना और उन्हें राहत पहुंचाना है। बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री, मजदूर, ग्रामीण एवं अन्य लोग आते-जाते हैं। ऐसे में ठंडे पानी की यह व्यवस्था उनके लिए किसी राहत से कम नहीं है। पानी प्याऊ शुरू होते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और इस मानवीय पहल की खुलकर सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि आज के समय में जब हर कोई अपनी व्यस्त जिंदगी में उलझा हुआ है, ऐसे में इस तरह का सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। यह न केवल लोगों की तत्काल जरूरत को पूरा करता है, बल्कि सामाजिक एकता और मानवता का भी संदेश देता है। इस अवसर पर पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने कहा कि भीषण गर्मी में आम जनता को राहत पहुंचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे और जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की जाएगी। युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी इस पहल की खास बात रही। सभी ने मिलकर सेवा भाव से इस कार्य को सफल बनाया, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ है।




## निधन

### मनोरथ लाल यादव



**सरायपाली।** शहर के महलपारा निवासी मनोरथ लाल यादव (85) (जिला संरक्षक अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा, फुलझर राज यादव समाज पूर्व अध्यक्ष) का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार शंकर मुडा मुक्तिधाम महल पारा में किया गया। वे नरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, राजेंद्र कुमार के पिता थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं, इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने इस दुखद बेला में सम्मिलित होकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### यूसीसी लागू करने का निर्णय का स्वागत योग्य : तुषार



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में ही सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में कमेटी के गठन को मंजूरी दी है। अब जल्द ही छत्तीसगढ़ में भी समान नागरिक संहिता लागू होगी। इस फैसले को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कानूनी एकरूपता के लिए एक बड़ा कदम बताया है। मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के बाद विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। आगे कहा कि सरकार का यह निर्णय महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक कदम है। संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेखित है कि राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि विवाह, तलाक, भरणपोषण, पारिवारिक मामलों से जुड़े अलग-अलग धर्मों के लिए पर्सनल लॉ के नियम लागू है। इसी वजह से समान नागरिक संहिता लागू करना आवश्यक है। उच्च स्तरीय समिति राज्य के नागरिकों, विशेषज्ञों से सुझाव लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रारूप तैयार करेगी।

# खैरझिटी में तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरझिटी (तुमगांव) में सतनामी समाज द्वारा तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह का आयोजन 13 से 16 अप्रैल 2026 तक किया गया। कार्यक्रम में अनेक भजन मंडलियों ने प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर शामिल हुईं। उन्होंने बाबा गुरू घासीदास की पूजा-अर्चना कर समाज में एकता, भाईचारे व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई सृष्टि ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठाया। उन्होंने मनखे - मनखे एक समान का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिराने का कार्य किया है। बाबा गुरु घासीदास केवल सतनामी समाज ही नहीं अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदरणीय व परम पूजनीय है। उनके विचार सर्व समाज को मार्गदर्शन दे रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम लाल लहरे, जितेंद्र गायकवाड़, अशोक कोसले, हेतराम भास्कर सहित समाज के वरिष्ठ जन, पदाधिकारी गण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






# जनगणना 2027: नगरीय चार्ज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

## कलेक्टर द्वारा दिलाई गई निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ, जिले में जनगणना का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के तहत महासमुंद जिले में व्यापक स्तर पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इस क्रम में जिले के सभी गांवों व नगरों के लिए प्रगणक व प्रशिक्षक नियुक्त किये जा चुके हैं तथा उनका तीन दिवसीय प्रशिक्षण सभी चार्जो पर प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस जिले के कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह, स्थानीय वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचे उनके साथ अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, एसडीएम अक्षा गुप्ता एवं तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, सीएमओ अशोक सलामे की उपस्थिति रही।

कलेक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य ज्यादा कठिन नहीं है उसके लिए निष्ठा और ईमानदारी जरूरी है। जनगणना डेटा सरकार के लिए अहम होता है क्योंकि इससे देश की योजना बनती है अतः सभी प्रशिक्षु इस कार्य को पूरी ईमानदारी और सटीकता से करें। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय से सहायक संचालक मनोज महिलांगे भी उपस्थित हुए। गौरतलब है कि भारत की पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित करनी पड़ी थी, जिसे अब 2027 में आयोजित किया जा रहा है। भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़े प्रशासनिक अभियानों में से एक है। यह देश की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, भाषाई, धार्मिक और प्रवास संबंधी सूचनाओं का सबसे विश्वसनीय स्त्रोत है। वर्ष 2027 की जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य मई में कराया जाएगा तथा द्वितीय चरण मकानों की गणना का कार्य फरवरी में होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पुस्तिका भी वितरित की गई, जिसमें जनगणना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उद्देश्य और डेटा संकलन की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है।



कक्षा के भीतर प्रशिक्षण का वातावरण पूरी तरह शिक्षणात्मक और गंभीरता भरा रहा। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रशिक्षणार्थियों ने घरों में जाकर मकानसूचीकरण कार्य का परीक्षण किया। महासमुंद नगरीय क्षेत्र के लिए कुल 125, तुमगांव नगरीय क्षेत्र के लिए 21 तथा महासमुंद ग्रामीण के लिए 375 कुल 521 सुपरवाइजर व प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, जिनका तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।




